अधिकारियों-कर्मचारियों ने ली सत्यनिष्ठा की शपथ

पूर्व मध्य रेल में सतर्कता जागरूकता सप्ताह शुरू

पटना (आससे)। पूर्व मध्य रेल में सोमवार से सतर्कता जागरूकता सप्ताह की शुरुआत हुई। इस अवसर पर हाजीपुर स्थित रेल मुख्यालय में अपर महाप्रबंधक अमरेंद्र कुमार ने अधिकारियों एवं कर्मचारियों को सतर्कता प्रतिज्ञा दिलाई। प्रतिज्ञा के माध्यम से भ्रष्टाचार उन्मूलन, सार्वजनिक जीवन में ईमानदारी, सत्यनिष्ठा और नैतिक आचरण बनाए रखने का संकल्प लिया गया। देशभर में 26 अक्टूबर से एक नवंबर तक मनाए जा रहे सतर्कता जागरूकता सप्ताह की इस वर्ष की थीम 'सत्यनिष्ठा से समृद्धि' है। कार्यक्रम में वरिष्ठ उप महाप्रबंधक सह मुख्य सतर्कता अधिकारी पंकज कुमार सिन्हा, विभिन्न विभागों के विभागाध्यक्ष, अधिकारी और बड़ी संख्या में कर्मचारी उपस्थित रहे। सतर्कता जागरूकता सप्ताह के तहत 'सत्यनिष्ठा से समृद्धि' विषय पर नुक्कड़ नाटक का आयोजन किया गया। कलाकारों ने अपने प्रदर्शन के माध्यम से ईमानदारी और भ्रष्टाचार मुक्त कार्यसंस्कृति का संदेश दिया। प्रस्तुति की सराहना करते हुए अपर महाप्रबंधक अमरेंद्र कुमार ने नुक्कड़ नाटक दल के लिए पुरस्कार की घोषणा की। आम नागरिकों को जागरूक करने के उद्देश्य से हाजीपुर जंक्शन पर भी नुक्कड़ नाटक आयोजित किया गया। सप्ताह के तहत सोनपुर मंडल के मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय के सभागार में सतर्कता जागरूकता कार्यशाला आयोजित की गई। इसकी अध्यक्षता मंडल रेल प्रबंधक अमित शरण ने की। उन्होंने कहा कि संगठन में सत्यनिष्ठा की संस्कृति विकसित होने से कार्यकुशलता, उत्पादकता और गुणवत्ता में लगातार सुधार होता है। कार्यशाला के प्रारंभ में वरिष्ठ उप महाप्रबंधक सह मुख्य सतर्कता अधिकारी पंकज कुमार सिन्हा ने स्वागत भाषण दिया। उन्होंने कहा कि सतर्कता जागरूकता सप्ताह का उद्देश्य कर्मचारियों को ईमानदारी और सत्यनिष्ठा के प्रति जागरूक करना है। उन्होंने कार्यस्थल के साथ सार्वजनिक जीवन में भी नैतिक मूल्यों के पालन की आवश्यकता पर जोर दिया। कार्यशाला का समापन प्रश्नोत्तर सत्र के साथ हुआ, जिसमें प्रतिभागियों ने विभिन्न विषयों पर जानकारी प्राप्त की।

रेलवे प्रशासन की ओर से सप्ताह के दौरान सत्यनिष्ठा, पारदर्शिता और भ्रष्टाचार उन्मूलन के प्रति जागरूकता बढ़ाने पर जोर दिया जा रहा है।



बिना नंबर प्लेट की नयी आर वन-5 बाइक जब्त

(निज प्रतिनिधि)

पटना। यातायात नियमों का कड़ाई से पालन सुनिश्चित कराने और नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों के खिलाफ ट्रैफिक पुलिस लगातार सक्रिय है। ट्रैफिक पुलिस अधीक्षक के दिशा-निर्देशों के अनुरूप राजधानी के प्रमुख चौराहों पर विशेष वाहन चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में बोरिंग रोड चौराहे पर ट्रैफिक पुलिस ने बिना नंबर प्लेट के फर्राटा भर रही एक नई स्पोर्ट्स बाइक को रोककर बड़ी कार्रवाई की है। इस सख्त कार्रवाई से वाहन चालकों में हड़कंप मच गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, चेकिंग के दौरान एसआई काव्य कुमारी ने बोरिंग रोड चौराहे पर बिना नंबर प्लेट की एक नई 'आर वन-5 मोटरसाइकिल को जांच के लिए रुकवाया। जब सुरक्षाकर्मियों और पुलिस ने वाहन के कागजात और नंबर प्लेट के संबंध में पूछताछ की, तो चालक ने सफाई देते हुए कहा कि गाड़ी बिल्कुल नई है और उसके कागजात घर पर रखे हुए हैं।

दानापुर रेल मंडल में सतर्कता जागरूकता सप्ताह शुरू

(आज समाचार सेवा)

पटना। दानापुर रेल मंडल में सोमवार को सतर्कता जागरूकता सप्ताह 2026 की शुरुआत हुई। एक नवंबर तक चलने वाले इस अभियान की थीम सत्यनिष्ठा से समृद्धि रखी गई है। इस अवसर पर मंडल रेल प्रबंधक विनोद कुमार ने अधिकारियों एवं कर्मचारियों को सत्यनिष्ठा की प्रतिज्ञा दिलाई। कार्यक्रम मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय परिसर में आयोजित किया गया। प्रतिज्ञा के दौरान रेल अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने जीवन के सभी क्षेत्रों में ईमानदारी और कानून के नियमों का पालन करने, रिश्वत न लेने और न देने तथा सभी कार्य पारदर्शिता के साथ करने का संकल्प लिया। सत्यनिष्ठा प्रतिज्ञा में भ्रष्टाचार को देश की आर्थिक, राजनीतिक और सामाजिक प्रगति में बाधा बताया गया। साथ ही इसके उन्मूलन के लिए सरकार, नागरिकों और निजी क्षेत्र को मिलकर काम करने की आवश्यकता पर जोर दिया गया। प्रतिज्ञा के तहत रेलकर्मियों ने जनहित में कार्य करने, अपने आचरण में ईमानदारी का उदाहरण प्रस्तुत करने और भ्रष्टाचार से जुड़ी किसी भी घटना की जानकारी उचित एजेंसी को देने का संकल्प लिया। अपर मंडल रेल प्रबंधक परिचालन वीरेन्द्र कुमार सहित मंडल के अन्य अधिकारी और रेलकर्मी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन वरीय मंडल कार्मिक अधिकारी अतुल कुमार ने किया।



SAVE

सेव माइक्रोफाइनेंस प्राइवेट लिमिटेड
पंजीकृत कार्यालयः यूनिट नंबर 782, 7वीं मंजिल, वेगास मॉल, प्लॉट नंबर 6, सेक्टर-14, द्वारका, दक्षिण पश्चिम दिल्ली-110075, सीआईएनः U65929DL2016PTC304877
ई-मेलः cs@saveind.in

शाखा स्थानांतरण का विज्ञापन

यह सूचित किया जाता है कि मैसर्स सेव माइक्रोफाइनेंस प्राइवेट लिमिटेड (इसके बाद "कंपनी" के रूप में संदर्भित) कंपनी अधिनियम, 2013 के नियमों के तहत निगमित और भारतीय रिज़र्व बैंक (आरबीआई) के साथ गैर-जमा स्वीकार करने वाली एनबीएफसी- एमएफआई के रूप में पंजीकृत- पंजीकरण संख्या: एन-14.03377 का प्रमाणपत्र दिनांक 05 अक्टूबर, 2017 के माध्यम से है। एतद्द्वारा घोषणा करता है कि सेव माइक्रोफाइनेंस प्राइवेट लिमिटेड, सी/ओ- श्रीमती पलिता देवी पत्नी ललन प्रसाद सिंह, माँ वैष्णव डिपार्टमेंटल स्टोर, जय माँ कॉलोनी रोड, ओवर ब्रिज के पास, औरंगाबाद, 824101, बिहार में स्थित हमारी औरंगाबाद शाखा, 30 नवंबर 2026 से नई जगह सेव माइक्रोफाइनेंस प्राइवेट लिमिटेड, सी/ओ- कामता यादव, गाँव कथरुआ, पोस्ट औरंगाबाद, जिला औरंगाबाद बिहार, पिन नंबर 824101 में पुनः स्थापित किया जाएगा। और सभी ग्राहक सेवाएं और पत्राचार ऊपर बताए गए नए शाखा पते पर जारी रहेगी। मौजूदा शाखा से सभी ग्राहकों के खाते, अभिलेख और अन्य विवरण आसानी से नई शाखा में स्थानांतरित कर दिए जाएंगे।

सेव माइक्रोफाइनेंस प्राइवेट लिमिटेड के लिए
हस्ताक्षर/-
अजीत कुमार सिंह
निदेशक
स्थानः औरंगाबाद
दिनांकः 27-10-2026
डीआईएनः 01857072

वर्गीकृत

नाम परिवर्तन

मैं, पूजा देवी पति सतीश दास ग्राम थाना गौरीचक, जिला पटना का निवासी हूं व शपथपूर्वक घोषणा करती हूं कि मेरे आधार में मेरा नाम सरभौती कुमारी अंकित है, जो त्रुटि पूर्ण है। मेरे पैन कार्ड एवं मतदाता सूचि में मेरा नाम पूजा देवी अंकित है, जो सत्य है और पूजा देवी के नाम से जानी-पहचानी जाती हूं। Aff no.-5192 Date-29.09.2026

शपथ पत्र

मैं, पुतुल कुमारी, पति-बलिराम कुमार चौधरी, निवासी-ग्राम+पो.-लक्ष्मण नगर बिहियां वार्ड नं.-03, थाना-बिहिया, जिला-भोजपुर, बिहार शपथ पत्र सं. 27113 दि. 15.06.26 द्वारा सूचित करती हूं कि मेरे आधारकार्ड सं. -324196764298 में मेरा नाम पुतुल कुमारी है। मैट्रिक सहित सभी प्रमाण पत्रों में पिंकी कुमारी दर्ज है। दोनों नाम एक ही महिला का है, जो मैं स्वयं हूं। भविष्य में मैं पिंकी कुमारी के नाम से जानी व पहचानी जाऊंगी।

9/482/26

NAME CHANGE

I, KAUSHAL KUMAR S/o SATYANARAYAN PRASAD SHARMA, R/O Ward No 15, Sakarwar Tola, Mokama, P.O.+P.S. - Mokama, Patna, Bihar-803302, have changed the name of my minor daughter LAVANYA SHARMA aged 07 years and she shall hereafter be known as LOKANSHA SHARMA. It is certified that I have complied with other legal requirements in this connection. Affidavit No 9625, Date - 24.10.2026.

AFFIDAVIT

I, Parbati Kumari, D/O- Late Deonandan Prasad R/o- Usri Khurd Kothiyan Road Par PO- Khagaul PS- Shahpur Dist- Patna Pin-801105 shall henceforth be known as Parbati Devi. Both names refer to same individual. Aff. No.-1044 Date 14.10.2026

खोया-पाया

मैं, नीतीन पाण्डेय (उम्र 38) सुपुत्र श्री निर्भय कुमार पाण्डेय, स्थायी पता-6/2जे-39 इन्दिरा नगर,चित्तईपुर, वाराणसी (उत्तर प्रदेश) शपथ पत्र द्वारा आम आवाम को सूचित करता हूं कि डॉ अबुल कलाम टेक्निकल यूनिवर्सिटी, उत्तर प्रदेश(UPTU) लखनऊ से बी टेक(बैचलर ऑफ टेक्नोलॉजी) सत्र वर्ष 2007-2011 का पास आउट डिग्री कोर्स का मूल अंक पत्र सहित कुछ जरूरी कागजात यात्रा के दौरान कहीं गुम हो गया है। मेरा युनिवर्सिटी इनरॉल/नामांकन संख्या 071231033843 एवं युनिवर्सिटी रौल नंबर 071230045 है।

नाम परिवर्तन

मैं मणी देवी (Mani Devi) पिता-रामलला सिंह, रामचरण टोला, ग्राम- बड़हिया, वार्ड नं.-4, पोस्ट+थाना- बड़हिया, जिला-लखीसराय, बिहार- 811302 की स्थायी निवासी हूं तथा शपथपूर्वक निम्नलिखित बातों का घोषणा करती हूं मेरा आधार कार्ड संख्या-983582603308 जिसपर मेरा नाम मणी देवी, पति-रामलला सिंह दर्ज है, यह है कि मेरे पुत्र के सर्विस बुक रिकार्ड पर मेरा नाम अंजू देवी (Anju Devi) पति रामलला सिंह दर्ज है, मैं यह शपथ पत्र अपना सही एवं वास्तविक नाम मणी देवी (Mani Devi) ति-रामलला सिंह गजट में नाम करवाने वास्ते मैं यह शपथ पत्र दे रही हूं यह कि मैं अब अंजू देवी (Anju Devi) के जगह पर मणी देवी (Mani Devi) के नाम से भविष्य में सभी कार्यों के लिए जानी व पहचानी जाऊंगी। शपथ पत्र सं.-4099, दिनांक 23.10.2026

Affidavit

I, Ehteshamul Haque Hashmi, son of Late Syed Anwarul Haque, resident of vill.+P.O.+P.S.-Daudpur, District-Saran, Bihar-841205, do hereby solemnly affirm and declare as follows :- That Safa Hashmi is my daughter. That in her Aadhar card her name has been wrongly mentioned as SAF A ENTESHAM. That my daughter correct name is Safa Hashmi. That now my daughter will known as Safa Hashmi for all purposes.vide aff. No.-5466 dated 23.10.26

CM-935

पाठकों से

'आज' में छपे किसी भी विज्ञापन के सम्बन्ध में पाठक स्वत: जांच करके कार्य करें। इसके संबंध में कोई भी दावा 'आज' प्रकाशन पर न होगा।

प्रबंधक

NAME CHANGE

I hitherto known as RINKU DEVI D/o SURENDRA SAH and W/o DINANATH SAH, R/o Simra, Mansurpur, Dist. - Vaishali, State - Bihar-844128, have changed my name and shall hereafter be known as RINKU KUMARI. It is certified that I have complied with other legal requirements in this connection. Affidavit No. 9626, Date - 24.10.2026.

शपथ पत्र

मैं, बादल सिंह पटेल, पिता-रवि चौधरी ग्राम+पो.-दावां, थाना-जगदीशपुर, जिला-भोजपुर, बिहार शपथ पत्र सं. -10447 दि. 05.10.26 द्वारा सूचित करता हूं कि आधारकार्ड सं. 442725342423 में मेरा नाम बादल कुमार एवं जन्म तिथि 01.01.2005 दर्ज है, जो गलत है। मैट्रिक प्रमाण पत्र में बादल सिंह पटेल एवं जन्म तिथि 17.09.2010 है, जो सही है। आगे मैं बादल सिंह पटेल के नाम से जाना व पहचाना जाऊंगा।

9/482/26

NAME CHANGE

I hitherto known as AVADHESH KUMAR SINGH S/o JAGDEEP SINGH, R/o Ward NO 14, Chausima Narharpur urf Bishunpur Sarae, Dist. - Vaishali, State - Bihar-844122, have changed my name and shall hereafter be known as AADTYA KUMAR. It is certified that I have complied with other legal requirements in this connection.

नाम परिवर्तन

मैं, रतन कुमार झा पिता स्व. मनिन्द्र झा निवास बसनही वार्ड नं. 3 पो.-बसनही थाना-बसनही जिला-सहरसा-852115 शपथ पत्र सं.-701 ता. 10.8.2026 द्वारा यह घोषणा करता हूं कि हमारे सारे शैक्षणिक प्रमाण पत्र में मेरा नाम रतन कुमार झा दर्ज है लेकिन मेरे आधार कार्ड में मेरा नाम रत्नेश्वर झा अंकित है, जो गलत है। अब मैं रतन कुमार झा के नाम से जाना एवं पहचाना जाऊंगा।

रसीद सं. 943

नाम परिवर्तन

मैं, रूकमणी देवी पति सत्यानन्द सिंह निवास-रामदिरी (सीताकुण्ड) पो. -नावागढ़ी थाना-मुफसिल जिला-मुंगेर शपथ पत्र सं. 1489 ता. 15.10.26 द्वारा यह घोषणा करती हूं कि मेरे आधार कार्ड में मेरा नाम रूकमणी देवी है। घरेलू नाम सिन्धु देवी है। रूकमणी देवी एवं सिन्धु देवी दोनों नाम मेरा ही है। मैं इन दोनों नामों से जानी एवं पहचानी जाती हूं। अब मैं सभी कार्यों के लिए रूकमणी देवी के नाम से जानी एवं पहचानी जाऊंगी।

रसीद सं.-942

NAME CHANGE

I hitherto known as MOHAMMAD JAWED ALAM S/o MOHAMMAD KAMRUDDIN, R/o Ward No 14, Near Masjid, P.O.- Sehan, P.S.- Goraul, Cheharakalan, Jalalpur, Birbhan, Dist. - Vaishlai, State - Bihar-844112, have changed my name and shall hereafter be known as MD JAWED ALAM. It is certified that I have complied with other legal requirements in this connection. Affidavit No 26170, Date - 24.10.2026.

शपथ पत्र

मैं, राम शोभित प्रसाद (Ram Sovit Prasad) पिता-राजकुमार राय साकिन-नयाटोला, सिमरी पो.+थाना-बख्तियारपुर, जिला-पटना बिहार-803212 आधार संख्या 833785079853 शपथ पत्र संख्या 27014 दिनांक 16.10.26 के द्वारा घोषणा करता हूं कि मैं असम राइफल में हवलदार के पद पर पदस्थापित हूं, जिसका सर्विस नं. 2850842P है। मेरे सर्विस बुक में मेरे परिवार का नाम निम्न प्रकार दर्ज है। मेरा नाम Ram Safit Prasad मेरी पत्नी का नाम Parmila Devi पुत्री का नाम Lilan Kumar पुत्र का नाम Rakesh Kumar जन्म तिथि 01.01.1999 है जो गलत है। मेरा नाम Ram Sovit Prasad पत्नी का नाम Pramila Devi पुत्री का नाम Nilam Devi पुत्र का नाम Rakesh Kumar जन्म तिथि 31.12.2003 जो सही है।

CM-6652

क्लाइंट एसोसिएट्स की बैठक में शामिल हुए कॉर्पोरेट जगत और शहर के बुद्धिजीवी

पटना में वेल्थ मैनेजमेंट और निवेश से जुड़े मुद्दों पर हुई चर्चा

(निज प्रतिनिधि)

पटना। देश की प्रमुख प्राइवेट वेल्थ मैनेजमेंट और मल्टी-फैमिली ऑफिस फर्म क्लाइंट एसोसिएट्स की ओर से सोमवार को पटना के होटल ताज में एक अहम बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में कॉर्पोरेट जगत से जुड़े लोगों और शहर के बुद्धिजीवियों ने हिस्सा लिया। बैठक का उद्देश्य वित्तीय प्रबंधन, निवेश और संपत्ति के बेहतर नियोजन से जुड़े विषयों पर चर्चा करना था।क्लाइंट एसोसिएट्स की स्थापना मई 2002 में रोहित सरिन और हिमांशु कोहली ने की थी। यह कंपनी बड़े कारोबारी परिवारों, उद्यमियों और कॉर्पोरेट जगत के वरिष्ठ अधिकारियों को उनकी संपत्ति के प्रबंधन और निवेश से जुड़ी सलाह देती है।कंपनी की सेवाओं में वेल्थ मैनेजमेंट, निवेश सलाह, रियल एस्टेट एडवाइजरी, एस्टेट प्लानिंग, लोन सॉल्यूशंस और इन्वेस्टमेंट बैंकिंग जैसी सुविधाएं शामिल हैं। कंपनी अपने ग्राहकों को उनकी संपत्ति सुरक्षित रखने, निवेश की बेहतर रणनीति बनाने और भविष्य की वित्तीय योजनाओं को व्यवस्थित करने में मदद करती है।पटना में आयोजित इस बैठक को शहर के कारोबारी और कॉर्पोरेट जगत से जुड़े लोगों के साथ संवाद का एक महत्वपूर्ण अवसर माना जा रहा है। इस तरह की बैठकों के माध्यम से वित्तीय नियोजन और संपत्ति प्रबंधन के क्षेत्र में जागरूकता बढ़ाने के साथ-साथ कारोबारी संपर्कों को मजबूत करने का अवसर मिलता है।



Name Change

I, Durga Singh W/o Arun Kumar R/o Flat No.-202, Shadhu Sharan Apartment, Post-Lohiya Nagar P.S. Kankarbagh, District Patna, Bihar-800020 vide Affidavit No. 375 dated 23 Oct. 2026 declare that my name mentioned in educational documents is Durga Kumari and as per Aadhar card and Pan card Durga Singh. Now I will be known as Durga Singh for all purposes.

CM-939

NAME CHANGE

I, PAPPU KUMAR SINGH S/o BRAHAMADEV PRASAD, R/O Ward No 09, Gram-Thuthipur, P.O.-Nisarpura, P.S. -Parsa Bazar, Distt- Patna, Bihar-804453, have changed the name of my minor daughter SABBI KUMARI aged 13 years and she shall hereafter be known as AGRIMA SHAURVI. It is certified that I have complied with other legal requirements in this connection.

शपथ-पत्र

मैं, विश्व रंजन कुमार पिता - मनोज कुमार ग्राम - बालागढ़ पो.- आनंदपुर थाना - रामपुर चौरम जिला- अरवल मेरे आधार कार्ड में मेरा नाम विश्व रंजन कुमार अंकित है एवं सभी शैक्षणिक प्रमाणपत्रों में मेरा नाम आशीष रंजन है दोनों नामों से जाना जाता हूं। भविष्य में आशीष रंजन के नाम से जाना जाऊंगा। शपथ पत्र सं.-17378 दिनांक 22.07.2026

NAME CHANGE

I hitherto known as CHANDRA DEVI D/O MUNESHWAR SINGH and W/o SHYAM SUNDAR PRASAD, R/o Pachis Kurvaa, P.O. - Hajipur, P.S. - Hajipur, Dist. - Vaishali, State - Bihar-844101, have changed my name and shall hereafter be known as CHANO SINHA. It is certified that I have complied with other legal requirements in this connection. Affidavit No.-21670, date -14.10.2026.

शपथ-पत्र

मैं, अभिषेक राज पुत्र - शिवजी प्रसाद पटना सेंट्रल स्कूल के नजदीक , न्यू जगनपुरा, पटना - 800027 बिहार शपथ पत्र सं. 3162 दिनांक 02.09.2026 के अनुसार अभिषेक सिन्हा के नाम से जाना जाऊंगा।

For Sale/ eAuction: Wet damaged Dalmia Cement - 4952 Bags lying at Bettiah, Bihar – 845438 Contact Person for Physical Inspection - Mr. Jaiprakash Sharma (Godown Keeper) - 9934547475. Last Date For Inspection & EMD Deposit - 30.10.2026 & Date Of E-auction- 31.10.2026 (3PM), Auctioneer: Meenakshi Gupta-9625137014 (Insurance Claim Material Will Be Sold On 'As Is Where Is', 'Whatever Therels'And' No Complaint' Basis).

For More details
www.salvagemanagers.com/
support@salvagemanagers.com.

प्रधानमंत्री की अपील से खादी को मिली नयी पहचान

स्वदेशी उत्पादों के प्रति बढ़ा जनविश्वास

पटना (आससे)। खादी और ग्रामोद्योग आयोग (केवीआईसी), सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्रालय, भारत सरकार के अध्यक्ष मनोज गोयल ने रविवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा 'मन की बात' कार्यक्रम की १३९वीं कड़ी में खादी एवं ग्रामोद्योग उत्पादों की बढ़ती बिक्री का उल्लेख करने तथा आगामी त्योहारों के दौरान स्थानीय कारीगरों के उत्पादों को प्राथमिकता देने की अपील करने के लिए उनका हृदय से आभार व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री का यह प्रोत्साहन देशभर में खादी एवं ग्रामोद्योग से जुड़े लाखों कारीगरों, शिल्पकारों और ग्रामीण उद्यमियों के लिए सम्मान, प्रोत्साहन और नयी ऊर्जा का स्रोत है। श्री गोयल ने कहा कि प्रधानमंत्री द्वारा खादी एवं ग्रामोद्योग को निरंतर प्रोत्साहित किये जाने से यह क्षेत्र पारंपरिक पहचान से आगे बढ़कर रोजगार सृजन, महिला सशक्तीकरण, ग्रामीण अर्थव्यवस्था की मजबूती और आत्मनिर्भर भारत के निर्माण का एक महत्वपूर्ण माध्यम बना है। प्रधानमंत्री की प्रेरणा से खादी आज देश की सांस्कृतिक विरासत के साथ साथ आधुनिक भारत के आत्मविश्वास, स्वेदेशी भावना और आर्थिक सशक्तीकरण का प्रतीक बनकर उभरी है। प्रधानमंत्री के प्रति आभार व्यक्त करते हुए केवीआईसी अध्यक्ष मनोज गोयल ने कहा, 'मन की बात' के १२ वर्ष पूरे होने के अवसर पर आज की कड़ी में खादी और ग्रामोद्योग का उल्लेख हमारे लिए अत्यंत गौरव का क्षण है।

सिख सर्किट में शामिल करने की उठायी मांग

मुख्यमंत्री से मिला प्रतिनिधिमंडल

पटना सिटी (आससे)। श्री तख्त हरिमंदिर जी पटना साहिब धर्म प्रचार कमेटी के चेयरमैन महेंद्र पाल सिंह ढिल्लन व हिंदू जागरण के संयोजक विनोद कुमार सिंह यादव का प्रतिनिधि मंडल मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी से सोमवार को मिल कर ज्ञापन सौंपा, इसमें श्री गुरु गोविंद सिंह जी महाराज के चार साहबजादों के शौर्य पराक्रम स्मृति में बिहार के चार गांव फतेहपुर, जोरावरपुर, अजीतपुर जुझारपुर व खालसा घाट घोषित स्थल को सिख सर्किट से जोड़ कर पर्यटन विभाग के साहित्य पत्र में प्रकाशित करने की मांग की है.इसके साथ ही पटना साहिब बाईपास महादेव चौक पर शिलान्यास हुए शहीद स्मारक का भी निर्माण कराने व जनवरी माह में आयोजित होने वाले श्री गुरु गोविंद सिंह महाराज के प्रकाश पर्व में शामिल होने का आग्रह किया गया।



न्यायालय, भूमि सुधार उप समाहर्त्ता पटना सदर

बिहार भूमि दाखिल खारिज अधिनियम 2011 के तहत अपील वाद की आम सूचना

दाखिल खारिज अपील वाद सं.-743/2026-27

साजिल खातुन बनाम अंचल अधिकारी, फुलवारीशरीफ एवं अन्य

ज्ञापांक-188 दिनांक 22.10.26

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि सजिला खातुन, पति-मो. मुनना, निवासी मुहलला आलमगंज, थाना-गुलजारबाग, जिला-पटना के द्वारा बिहार भूमि दाखिल खारिज अधिनियम-2011 की धारा-7 के तहत दाखिल-खारिज अपील वाद सं.-743/2026-27 अधोहस्ताक्षरी के न्यायालय में दायिर किया गया है। उक्त वाद अंचलाधिकारी, फुलवारीशरीफ के दाखिल खारिज वाद सं.-17173/2022-2023 में पारित आदेश के विरुद्ध दायर किया गया है, जिसमें उत्तरवादी संख्या-2. रुकशाना खातुन, पति-अख्तर मो. मुस्तकीन, निवासी-नया टोला, थाना-फुलवारीशरीफ, जिला-पटना अंकित है। प्रश्नगत वाद में विवादित भूमि का विवरण निम्नवत है:-

विवादित भूमि का विवरण
मौजा-फुलवारी, थाना-संख्या-35, खाता संख्या-1120, खेसरा-संख्या-2562, रकवा-7.5 डी.

चूं, वजरिये नोटिस उपरोक्त उत्तरवादीगण को न्यायालय द्वारा अपना पक्ष रखने हेतु निबंधित डाक से सूचना निर्गत की गई थी, परन्तु सुनवाई के विभिन्न तिथियों पर अनुपस्थित रहे हैं।

अत: वजरिये प्रकाशन उत्तरवादीगण को सूचित किया जाता है कि दिनांक 04.11.26 को अपराह्न 01.00 बजे मेरे न्यायालय में स्वयं/अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर उचित पैरवी करें। अनुपस्थिति की स्थिति में मुकदमा की एकपक्षीय सुनवाई करते हुए उचित आदेश पारित कर दिया जाएगा।

इसे सख्त ताकिद जानें।

ह./-
भूमि सुधार उप समाहर्त्ता
पटना सदर
रसीद सं.-938

एलएनजेपी में जल्द खुलेगा टीयर-1 ट्रॉमा सेंटर

पटना (आससे)। बिहार के सबसे बड़े हड्डी अस्पताल लोकनायक जयप्रकाश नारायण (एलएनजेपी) अस्पताल में टीयर-1 ट्रॉमा सेंटर जल्द ही खुलने जा रही हैं। इसके लिए बिहार सरकार के स्वास्थ्य विभाग तैयारी करने में जुट गयी हैं। इसको लेकर सोमवार को राज्य स्वास्थ्य समिति के कार्यपालक निदेशक डा.नवल किशोर चौधरी ने एलएनजेपी का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान अस्पताल के सभी बुनियादी सुविधाओं से लेकर पूरे भवन का निरीक्षण किया। कार्यपालक निदेशक ने टीयर-1 ट्रॉमा सेंटर का शुभारंभ करने के लिए जगहों का निरीक्षण किया। इसके साथ ही टीयर-1 ट्रॉमा सेंटर खुलने के लिए जरूरी उपकरणों की जानकारी प्राप्त की। निरीक्षण के दौरान एलएनजेपी के नए भवनों का भी निरीक्षण कर बारीकियों से जायजा लिया। इस दौरान अस्पताल के कई वरीय चिकित्सक एवं कर्मचारी भी उपस्थित रहे।

एलएनजेपी के निदेशक डा.राकेश कुमार चौधरी ने बताया कि एलएनजेपी में टीयर-1 ट्रॉमा सेंटर खुलने के लिए जल्द ही कार्य शुरू होने जा रहा हैं। इससे मरीजों को एक ही छत के नीचे सभी सुविधा उपलब्ध की जायेगी। उन्होंने कहा कि बिहार में वर्त्तमान में सिर्फ एम्स पटना में टीयर-1 ट्रॉमा सेंटर हैं। इसके बाद दूसरा अस्पताल एलएनजेपी होगा। इसके लिए राज्य स्वास्थ्य समिति के कार्यपालक निदेशक अस्पताल का निरीक्षण किया। उन्होंने जगहों का भी चयन किया हैं।

दि बिहार स्टेट शीप एण्ड उल विर्भस को-ऑपरेटिव यूनियन लिमिटेड

The Bihar State Sheep & Wool Weavers Co-operative Union Ltd.

RAJBANSHI NAGAR, PATNA-23 | Email-bsswcu31pat75@gmail.com
(ह०रे०, उधोग विभाग बिहार, पटना के नियंत्रणाधीन)

स्टॉल आवंटन सूचना

एन०एच०डीपी० योजनान्तर्गत स्टेट हैण्डलूम एक्सपो का आयोजन **दिनांक 06.11.2026 से 19.11.2025** तक समस्तीपुर में आयोजित किया जाना है। राज्य एवं राज्य क बाहर के बुनकर समितियों / हैण्डलूम कलस्टर/एजेंसी/विशिष्ट बुनकर / हैण्डीकाफट समितियों से उक्त एक्सपो में स्टॉल आवंटन एवं भाग लेने हेतु आवेदन आमंत्रित किया जाता है। दि बिहार स्टेट शीप एण्ड उल विर्भस को-ऑपरेटिव यूनियन लिमिटेड, राजवंशीनगर, पटना के कार्यालय से आवेदन प्रपत्र प्राप्त किया जा सकता है। (वस्त्र मंत्रालय, भारत सरकार, नई दिल्ली की सभी दिशा निर्देश एवं शर्ते लागू रहेगी) ।

स्टॉल आवंटन हेतु आवेदन विहित प्रपत्र मे दिनांक 04.11.2025 को अपराह्न 1.00 बजे तक अधोहस्ताक्षरी कार्यालय, दि बिहार स्टेट शीप एण्ड उल विर्भस को-ऑपरेटिव यूनियन लिमिटेड, राजवंशीनगर, पटना (नियर स्टेट बैंक ऑफ इन्डिया) पिन कोड 800020 में डाक के माध्यम से या स्वंय उपस्थिति होकर दिया जा सकता है।

प्रबन्ध निदेशक

भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमंडल, भागलपुर

बिहार सरकार

ई0 निविदा पद्धति के अनुसार बेवसाइट एवं www.eproc2.bihar.gov.in पर
ई0-निविदा आमंत्रण सूचना संख्या-23/2026-27

1.	विज्ञापन दाता का पदनाम एवं पता	:-	कार्यपालक अभियंता, भवन प्रमंडल, भागलपुर।
2.	निविदा आमंत्रण की तिथि	:-	दिनांक-21.10.2026
3.	प्रिबीड मिटिंग की तिथि, समय एवं स्थान	:-	(i) दिनांक-17.11.2026 को 3:00 बजे अपराहन अधीक्षण अभियंता, भवन अंचल, भागलपुर।
4.	परिमाण विपत्र (डाउनलोड करने) की तिथि एवं समय	:-	दिनांक-05.11.2026 से 26.11.2026 को 3:00 बजे अपराहन तक।
5.	निविदा प्राप्ति (अपलोड करने) की अंतिम तिथि एवं समय	:-	दिनांक-27.11.2026 को 3:00 बजे अपराहन तक।
6.	निविदा खोलने की तिथि	:-	दिनांक-28.11.2026 को 3:30 बजे अपराहन।
7.	परिमाण विपत्र का बिक्री स्थान	:-	वेबसाईट (WWW.eproc2.bihar.gov.in)
8.	निविदा प्राप्ति का स्थान	:-	वेबसाईट (WWW.eproc2.bihar.gov.in)
9.	आवश्यक कागजात मूल में जमा करने की अंतिम तिथि एवं समय	:-	अभियंता प्रमुख-सह-अपर आयुक्त-सह-विषेष सचिव, भवन निर्माण विभाग, बिहार, पटना के ज्ञापांक 4533 (भ0) दिनांक 22.05.2025 के आलोक में विलोपित।
10.	निविदा वैधता की तिथि	:-	120 दिन

कार्य का विवरण :-

क्र. सं0	कार्य का नाम	प्राक्कलित राशि	अग्रधन की राशि	परिमाण विपत्र का मुल्य + बीड प्रोसेसिंग फीस	कार्य समाप्ति की अवधि
1	2	3	4	5	6
1.	अनुमंडलीय व्यवहार न्यायालय, नवगछिया में टॉयलेट कॉम्प्लेक्स (भू-तल) निर्माण कार्य।	26,12,000.00	52,300.00	eproc2.bihar.gov.in बेवसाईट के अनुसार	04 माह
2.	अनुमंडलीय व्यवहार न्यायालय, कहलगांव में टॉयलेट कॉम्प्लेक्स (भू-तल) निर्माण कार्य।	26,12,000.00	52,300.00	eproc2.bihar.gov.in बेवसाईट के अनुसार	04 माह

11. निविदादाताओं को सिर्फ वेबसाईट पर ही, निविदा कागजात प्राप्त (डाउनलोड) एवं जमा (अपलोड) करना होगा। सुनिश्चित जगहों पर भरे गये विहित प्रपत्रों को एवं आवश्यक कागजातों को समर्पित करना होगा। निविदा खुलने की जानकारी तथा निविदा संबंधित किसी भी प्रकार के शुद्धि-पत्र की जानकारी वेबसाईट से प्राप्त होगी।
12. बेलट्रोन को देय बीड प्रोसेसिंग शुल्क, निविदा कागजात का मूल्य एवं अग्रधन https://eproc2.bihar.gov.in/EPSV2Web/ में प्रयुक्त विकल्प के अनुसार देय होगा।

विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईड https://CitizenHome.html/ https://eproc2.bihar.gov.in/EPSV2Web/ पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता
भवन प्रमंडल, भागलपुर

PR- 014192 (BCD) 2026-27

विस्तृत जानकारी वेबसाइट//state.bihar.gov.in/prdbihar पर देखा जा सकता है।

नशे से बचने का है एक ही उपचार, दृढ़ संकल्प और परिवार से प्यार

बिहार सरकार

पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग
कार्यालय:-वन प्रमंडल पदाधिकारी, पटना पार्क प्रमंडल, पटना

Rajdhani Vatika (Eco Park) 800001, Near Old Secretariat, Gate no.-2, Off Mall Road, Patna
(Ph. No. 0612-2233991, Email address: parkdivisionpatna@gmail.com)

SHORT TERM NOTICE INVITING e-TENDER

(Through e-Procurement mode only over (https://www.eproc2.bihar.gov.in)

e-Tender Notice No-17/2026-27

Separate/Online Bids are invited from registered Indian Suppliers (Manufacturers/ Authorised Distributors/Dealers/Suppliers) for Supply of Binding Material (Red bajri of Shekhpura) in different Park under Patna Park Division, Patna.

SL No.	Scope of work	Cost of tender document (In Rupees) (Online Mode) (Non-Refundable)	Tender processing Fee (Non-Refundable) (in Rupees)	Earnest Money Deposit (In Rupees) Online mode	Period of supply
1	2	3	4	5	6
1	Supply of Binding Material (Red bajri of Shekhpura) in different Park under Patna Park Division, Patna.	Rs. 2,000.00	As per eproc fees	Rs. 50,000/-	One year from the date of order

Tender Schedule/Programme:

Sl. No.	Activity	Date/Time : Duration
1	Name and address of the advertiser	Divisional Forest Officer, Patna Park Division, Patna Rajdhani Vatika (Eco Park) 800001, Near Old Secretariat, Gate no.-2, Off Mall Road, Patna Email address: parkdivisionpatna@gmail.com
2	Issue date of tender invitation notice	23-10-2026
3	Online Sale/Download date of Tender documents	From 29.10.2026 to 04.11.2026 (Upto5:00 P.M.) **(https://www.eproc2.bihar.gov.in)**
4	Date/Time for Submission/ Uploading of offer/Bid	Till 05.11.2026 up to 5.00 P.M. **(https://www.eproc2.bihar.gov.in)**
5	Date & time for Opening of Technical Bid.	06.11.2026 at 03.00 P.M. (In the office of Divisional Forest Officer, Panta Park Division, Patna).
6	Financial Bid Opening Date and Time	Date will be announced after evaluation of technical bid

Detailed description of the terms and conditions as well as tender form for submission of tender can be downloaded from https://www.eproc2.bihar.gov.in

Corrigendum/Attendum, if any, will be published after on the departmental website **https://state.bihar.gov.in/forest/** and e-procurement Portal Bihar

विस्तृत जानकारी **state.bihar.gov.in/prdbihar** पर भी देखी जा सकती है।

PR- 014281 (FOREST) 2026-27

**Divisional Forest Officer,
Patna Park Division, Patna**

नशे की मार, बर्बाद करे सुखी परिवार।